# महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय
# MAHATMA GANDHI CENTRAL UNIVERSITY

[संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित/ Established by an Act of Parliament]

डॉ0 अम्बेडकर प्रशासनिक भवनरघुनाथपुर, मोतिहारी-845401, पूर्वी चम्पारण, बिहार / DrAmbedkar Administrativ Building,Raghunathpur, Motihari – 845 401, East Champaran, Bihar

फ.सं.2-1/एमजीसीयू/जीए/2016

दिनांक:15 दिसम्बर 2025

## कार्यालय आदेश

**विषय: राष्ट्रीय कर्मयोगी–लार्ज स्केल जन सेवा कार्यक्रम (आरके-एलएसजेएसपी) के अंतर्गत विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर- शैक्षणिक कर्मचारियों हेतु एक-दिवसीय अनिवार्य व्यापक प्रशिक्षण, दिनांक 16 (मंगलवार) एवं 17 (बुधवार) दिसंबर 2025 के संबंध में।**

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के सचिव से प्राप्त पत्र के क्रम में, राष्ट्रीय कर्मयोगी–लार्ज स्केल जन सेवा कार्यक्रम (आरके-एलएसजेएसपी) के अंतर्गत एक-दिवसीय अनिवार्य व्यापक प्रशिक्षण के संबंध में, विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के अनुसार, यह सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर- शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए एक-दिवसीय अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक **16 दिसंबर 2025 (मंगलवार)** एवं **17 दिसंबर 2025 (बुधवार)** को आयोजित किया जा रहा है।

   प्रशिक्षण प्रातः 10:00 से सांय 06:00 बजे तक (आगमन का समय: 9.30) विभिन्न समूहों में निम्नलिखित स्थलों पर आयोजित होगा:

   i. **सम्मेलन कक्ष**, डॉ. अम्बेडकर प्रशासनिक भवन, रघुनाथपुर; तथा
   ii. **पं. राजकुमार शुक्ल सम्मेलन कक्ष**, चाणक्य परिसर, जिला स्कूल कैंपस।

   **नोट:** तिथि, समय, स्थान एवं मास्टर ट्रेनर का विवरण सहित समूह-वार विस्तृत कार्यक्रम की जानकारी अलग से सभी संबंधितों को सूचित किया जाएगा।

2. सभी प्रतिभागियों (शैक्षणिक एवं गैर- शैक्षणिक कर्मचारी) को **iGOT कर्मयोगी एप्लिकेशन** (एंड्रॉइड प्ले स्टोर/एप्पल ऐप स्टोर से) डाउनलोड करें एवं **पूर्णतः चार्ज स्मार्टफोन** साथ लाना अनिवार्य है। कार्यक्रम पूर्ण-दिवसीय होने के कारण संबंधित स्थलों पर विश्वविद्यालय द्वारा **दोपहर का भोजन एवं हाई-टी** की व्यवस्था की जाएगी।

   **महत्वपूर्ण सूचना:** प्रशिक्षण सत्र समूहों में आयोजित होंगे; अतः कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को स्थल छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

3. सभी संबंधितों को निर्देशित किया जाता है कि वे आवंटित तिथि, समय एवं स्थान के अनुसार अपनी **अनिवार्य सहभागिता** सुनिश्चित करें।

15/12/25

**[सच्चिदानंद सिंह]**
**ओ.एस.डी. (प्रशासन)**

**प्रतिलिपि:-**

1. विश्वविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य एवं प्रशासनिक कर्मचारी, अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित करने अनुरोध सहित।
2. समन्यवक, वेबसाइट एम.जी.सी.यू. — सभी संबंधितों की जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु अनुरोध ।
3. ओ.एस.डी., कुलपति, माननीय कुलपति महोदय की सूचना हेतु, एम.जी.सी.यू
4. पी.ए., कुलपति, एम.जी.सी.यू.।
5. गार्ड फाइल।

दिनेश हुड्डा 15/12/2025

[दिनेश हूडा]
सहायक कुलसचिव